भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**राज्य सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1165
उत्तर देने की तारीख : 23 मार्च, 2012

**झारखंड में नये स्कूल खोलना**

1165. **श्री कनवर दीप सिंहः**

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान देश में विशेष रूप से झारखंड में नये स्कूल खोलने के लिए निधियां स्वीकृत की हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त स्कूल कब तक खोले जाने की संभावना है ?

**उत्तर**
**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डा. डी. पुरंदेश्वरी)**

(क) : केन्द्रीय सरकार ने वित्तीय वर्ष 2011-12 में सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, मॉडल स्कूल योजना तथा एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल योजना के अंतर्गत नए स्कूल स्थापित करने के लिए निधिया संस्वीकृत की गई है।

(ख) : वर्ष 2011-12 में सर्व शिक्षा अभियान के तहत झारखंड में 42 प्राथमिक स्कूलों और 32 उच्च प्राथमिक स्कूलों सहित 13733 प्राथमिक स्कूल और 2809 उच्च प्राथमिक स्कूल संस्वीकृत किए गए हैं। वर्ष 2011-2012 (5.3.2012 तक) के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 19,763.90 करोड़ रूपये की राशि जारी की गई है जिसमें से 579.03 करोड़ रूपये की राशि शिक्षा का अधिकार सर्व शिक्षा अभियान के संयुक्त कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए झारखण्ड राज्य को जारी की गई है।

राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत वर्ष 2011-12 के दौरान 297 स्कूलों के लिए झारखंड को 172.6164 करोड़ रूपये की राशि सहित 2244.6162 करोड़ रूपये की राशि संस्वीकृत की गई है। राज्यवार ब्यौरा संलग्नक 'क' में दिया गया है।

माडल स्कूल योजना के अंतर्गत झारखंड को 40 स्कूल खोलने के लिए 46. 43 करोड़ रूपये की राशि सहित 912.78 करोड़ रूपये की राशि संस्वीकृत की गई है। राज्य-वार ब्यौरा संलग्नक 'ख' में दिया गया है।

वर्ष 2011-12 के दौरान जनजातीय कार्य मंत्रालय ने झारखंड में 2 स्कूलों सहित 5 राज्य सरकारों को 14 स्कूल संस्वीकृत किए हैं। झारखंड को 500.00 लाख रूपये की राशि सहित 3640.3 लाख रूपये की राशि संस्वीकृत की गई है। राज्यवार ब्यौरा संलग्नक 'ग' में दिया गया है।

(ग) : राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा योजना के अंतर्गत 2553 स्कूलों और मॉडल स्कूल योजना के अंतर्गत168 स्कूलों ने कार्य करना आरंभ कर दिया है। शेष स्कूलों के अगले शैक्षिक वर्ष से कार्य शुरू किए जाने की संभावना है।

****

संलग्नक ‘क’

झारखंड में नये स्कूल खोलने के संबंध में श्री कनवर दीप सिंह, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 23.3.2012 पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1165 के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक

वर्ष 2011–12 के दौरान सर्व शिक्षा अभियान के तहत अनुमोदित नए स्कूल और वित्तीय आवंटन और वित्तीय आवंटन

(करोड़ रुपये में)

| | | संस्वीकृत स्कूल | | | वित्तीय आवंटन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क. सं. | राज्य | दो सेक्शन वाले स्कूल | 1 सेक्शन वाले स्कूल | कुल संस्वीकृत स्कूल | दो सेक्शन वाले स्कूल | 1 सेक्शन वाले स्कूल | कुल |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | आन्ध्र प्रदेश | 29 | 73 | 102 | 1685.48 | 3420.78 | 5106.26 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 7 | 15 | 22 | 406.84 | 702.90 | 1109.74 |
| 4 | असम | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 5 | बिहार | 169 | 0 | 169 | 9822.28 | 0.00 | 9822.28 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 633 | 0 | 633 | 36789.96 | 0.00 | 36789.96 |
| 8 | दादरा और नागर हवेली | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 9 | दमन एवं दीव | 0 | 1 | 1 | 0.00 | 46.86 | 46.86 |
| 10 | दिल्ली | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 11 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12 | गुजरात | 243 | 13 | 256 | 14123.16 | 609.18 | 14732.34 |
| 13 | हरियाणा | 5 | 0 | 5 | 290.60 | 0.00 | 290.60 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 22 | 22 | 0.00 | 1030.92 | 1030.92 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 147 | 132 | 279 | 8543.64 | 6185.52 | 14729.16 |
| 16 | झारखण्ड | 297 | 0 | 297 | 17261.64 | 0.00 | 17261.64 |
| 17 | कर्नाटक | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 18 | केरल | 15 | 1 | 16 | 871.80 | 46.86 | 918.66 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 603 | 0 | 603 | 35046.36 | 0.00 | 35046.36 |
| 21 | महाराष्ट्र | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 22 | मणिपुर | 4 | 45 | 49 | 232.48 | 2108.70 | 2341.18 |
| 23 | मेघालय | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 24 | मिजोरम | 22 | 4 | 26 | 1278.64 | 187.44 | 1466.08 |
| 25 | नागालैण्ड | 11 | 34 | 45 | 639.32 | 1593.24 | 2232.56 |
| 26 | उड़ीसा | 9 | 0 | 9 | 523.08 | 0.00 | 523.08 |
| 27 | पुदुदुचेरी | 0 | 2 | 2 | 0.00 | 93.72 | 93.72 |
| 28 | पंजाब | 69 | 4 | 73 | 4010.28 | 187.44 | 4197.72 |
| 29 | राजस्थान | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 30 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 31 | तमिलनाडु | 709 | 1 | 710 | 41207.08 | 46.86 | 41253.94 |
| 32 | त्रिपुरा | 15 | 26 | 41 | 871.80 | 1218.36 | 2090.16 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 449 | 0 | 449 | 26095.88 | 0.00 | 26095.88 |
| 34 | उत्तराखंड | 35 | 112 | 147 | 2034.20 | 5248.32 | 7282.52 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | कुल | **3471** | **485** | **3956** | **201734.52** | **22727.10** | **224461.62** |

<u>संलग्नक 'ख'</u>

झारखंड में नये स्कूल खोलने के संबंध में श्री कनवर दीप सिंह, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 23.3.2012 पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1165 के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक

वर्ष 2011–12 के दौरान मॉडल स्कूल योजना (राज्य क्षेत्र) के अंतर्गत अनुमोदित नए स्कूल और वित्तीय आवंटन

(करोड़ रुपये में)

| क. संख्या | राज्य | संस्वीकृत स्कूल | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | तमिलनाडु | 26 | 10.44 |
| 2 | मध्य प्रदेश | 168 | 195.01 |
| 3 | राजस्थान | 43 | 49.92 |
| 4 | असम | 24 | 40.07 |
| 5 | आन्ध्र प्रदेश | 355 | 412.09 |
| 6 | **झारखण्ड** | **40** | **46.43** |
| 7 | उड़ीसा | 111 | 128.85 |
| 8 | महाराष्ट्र | 43 | 29.27 |
| कुल | | **810** | **912.08** |

**संलग्नक 'ग'**

झारखंड में नये स्कूल खोलने के संबंध में श्री कनवर दीप सिंह, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 23.3.2012 पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1165 के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक

वर्ष 2011–12 के दौरान एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल (इएमआरएस) योजना के तहत अनुमोदित नए स्कूल तथा वित्तीय आवंटन

(करोड़ रूपये में)

| क. संख्या | राज्य | संस्वीकृत स्कूल | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | छत्तीसगढ़ | 1 | 400.30 |
| 2 | गुजरात | 7 | 840.00 |
| 3 | झारखण्ड | 2 | 500.00 |
| 4 | उड़ीसा | 3 | 1800.00 |
| 5 | राजस्थान | 1 | 100.00 |
| कुल | | **12** | **3640.30** |